हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in


navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 65 | पटना, शनिवार , 20 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# कांग्रेस और इंडी अलायंस की सोच विकास विरोधी : प्रधानमंत्री

दिल्ली (नवशक्ति)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इंडी गठबंधन पर सनातन विरोधी एवं भ्रष्टाचारी होने पर जमकर निशाना साधा और केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह गुजरात में पैदा हुए, इसलिए वर्धा और अमरावती से उनका स्वाभाविक रिश्ता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी भी गुजरात में पैदा हुए और उनकी कर्मभूमि वर्धा थी। 2024 का चुनाव विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का चुनाव है। यह सपना आजादी से पहले पूज्य बापूजी ने देखा था। आज जब देश इस दिशा में निर्णायक कदम उठाने जा रहा है, तो इसमें वर्धा के विशेष सहयोग की आवश्यकता है। इतनी बड़ी संख्या में अमरावती और वर्धा की जनता का यह जनसैलाब बता रहा है कि विकसित भारत का लक्ष्य अब ज्यादा दूर नहीं है। मैं वर्धा की चुनावी सभा में पहले भी आया हूं, मगर आज के जनसागर जैसा हुजूम पहले कभी देखने को नहीं मिला। आज पूरे महाराष्ट्र में फिर एक बार मोदी सरकार के नारे गूंज रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि 2014 से पहले देश में



चारों ओर निराशा ने अपने पांव पसार लिए थे। देश में यह धारणा बन गई कि कुछ अच्छा हो ही नहीं पाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लगता था कि गांव तक बिजली, पानी और सड़क पहुंच ही नहीं पाएंगे। गरीबों को लगता था कि उनकी आने वाली कई पीढ़ियों को गरीबी से मुक्ति नहीं मिल पाएगी। किसानों ने बदहाली को अपनी किस्मत मान लिया था। महिलाओं को लगता था कि उनकी समस्याओं का समाधान कभी नहीं होगा। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको गरीब मां के बेटे मोदी ने पूजा है। भाजपा सरकार ने विगत 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। मोदी सरकार ने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाई और 11 करोड़ घरों को नल से जल का कनेक्शन मुहैया करवाया। पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्के घर मिले हैं और 50 करोड़ से अधिक लोग बैंकों से जुड़कर अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने है। मुझे देश के प्रत्येक जन की सेवा करनी है, जिन पात्र व्यक्तियों को अब तक गैस कनेक्शन, नल से जल और पक्के आवास नहीं मिले हैं, मोदी सरकार उन सभी जरूरतमंदो को सभी लाभ आगामी 5 वर्षों में निश्चित ही मुहैया कराएगी। अब भाजपा के कार्यकताओं को लोगों को घर-घर जाकर इस बात की गारंटी देनी होगी, क्योंकि जनता के लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता मोदी के समकक्ष है। मेरे लिए देश की जनता और पार्टी कार्यकर्ता ही मोदी हैं। मोदी गारंटी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि आज आत्मविश्वास से भरा यह देश अब मोदी की गारंटी देख रहा है। जब पूरी तरह प्रतिबद्धता होती है, रोडमैप होता है और मन में काम करने का संकल्प होता है तो कितनी ही बाधाएं क्यों न आए मोदी बहाने बनाने की बजाय करके दिखाता है और तब गारंटी भी पूरी होती है। मोदी के लिए यह गारंटी 3 अक्षरों का खेल नहीं है, गारंटी के पीछे पल पल खपाने का इरादा है। पल पल जनता के नाम, पल पल देश के नाम जिसका मतलब है कि 24७७ फॉर 2047। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि अगले 5 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घरों का निर्माण करवाया जाएगा।

## संपादकीय

### यूपी में दो शहजादे फिल्म की शूटिंग करते हुए घूम रहे हैं

जयप्रकाश चौधरी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षीअखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में दो शहजादे फिल्म की शूटिंग करते हुए घूम रहे हैं। इन्हें पहले भी जनता ने खारिज किया था। दोनों आस्था पर हमला करने से नहीं चूकते। इसके साथ ही, पार्टी जानती है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं जीत सकती, इसलिए इस पार्टी के ह्ययुवराज' धमकी दे रहे हैं कि देश में आग लग जायेगी। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में महात्मा गांधी के ह्यविकसित भारत', ह्यआत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के लिए मतदान होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा, ह्यह्यकांग्रेस को इस बात का पता है कि वह चुनाव नहीं जीत सकती और इसलिए, उसके ह्ययुवराज' ने धमकी दी है कि देश में आग लग जायेगी। प्रधानमंत्री ने पूर्वी महाराष्ट्र की वर्धा और अमरावती सीट से भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए कहा, ह्यह्यवर्ष 2014 से पहले ऐसा माना जाता था कि भारत में कुछ भी अच्छा नहीं हो सकता, हर तरफ निराशा का माहौल था। आत्मविश्वास से भरा देश अब मोदी की गारंटी की ओर देख रहा है, जिसमें रोडमैप और प्रतिबद्धता है।'' नागपुर से 75 किलोमीटर दूर स्थित वर्धा सेवाग्राम आश्रम के लिए प्रसिद्ध है, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रहते थे।

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन ह्यइंडिया' विकास और किसानों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास विकास के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है और उसके नेता केवल गाली देना एवं अपमान करना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ह्यइंडिया' गठबंधन के नेताओं ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति के ह्यसूर्य8प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के में रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी में दो शहजादे फिल्म की शूटिंग करते हुए घूम रहे हैं। इन्हें पहले भी जनता ने खारिज किया था। दोनों आस्था पर हमला करने से नहीं चूकते। इसके साथ ही, उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी टारगेट किया है।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव में लोगों से सोच समझकर वोट देने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने पिछले 23 साल में बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की है वहीं दूसरी ओर हर तीन महीने में विदेश में 'छुट्टी' पर जाने वाले 'राहुल बाबा' हैं। एक और 23 साल से छुट्टी लिये बगैर भारत माता की सेवा करने वाला नरेन्द्र मोदी हैं ...और दूसरी ओर हर तीन महीने में ... थाईलैंड... विदेश में छुट्टी मनाने वाले राहुल बाबा हैं।'' लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 लोकसभा सीट पर शुक्रवार को हो रहे मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा,ह्यह्यपहले चरण के मतदान में देशभर में बंपर मतदान हो रहा है । जो मतदान करने जा रहा है, वह मोदी- मोदी के नारे लगाते हुए बाहर आ रहा है।'' उन्होंने कहा, ह्यह्यहवाई अड्डे पर मुझे अधिकारियों ने बताया कि गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है। मैंने हवाई अड्डे के अधिकारियों को बताया कि गर्मी का ग्राफ जितना ऊपर जाएगा, भाजपा का ग्राफ भी उतना ही ऊपर जाएगा।

## बिहार के प्रथम चरण की सभी चार सीटों पर एनडीए भारी मतों से जीत रहा : सम्राट चौधरी



पटना (नवशक्ति) भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज हुए प्रथम चरण के चुनाव के बाद कहा कि बिहार के प्रथम चरण की सभी चार सीटों पर एनडीए भारी मतों से जीत रहा है।

उन्होंने साफ तौर से कहा कि बिहार में लोग मोदी जी को वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी इन चारों सीट पर एनडीए के प्रत्याशी जीत रहे हैं। राजद के जीत के दावे के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भी वे ऐसा ही दावा कर रहे थे। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पिछले चुनाव से इस चुनाव तक क्या ट्रेंड बदल गया? लालू प्रसाद जी ने क्या ऐसा काम कर दिया। बिहार के लोग मोदी जी के साथ हैं और मतदान कर रहे हैं।उन्होंने दावा करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महोत्सव के पहले चरण में हुए देश में 102 सीटों पर मतदान के फीडबैक से यह स्पष्ट हो गया है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपाझ्रएनडीए को शानदार जनसमर्थन मिला है और घमंडिया इंडी गठबंधन की नफरत की दुकान पर ताला लगा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि देश की महान जनता आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी विकास यात्रा के साथ चलना चाहती है और नफरत, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को हराना चाहती है। श्री चौधरी ने यह भी कहा कि भाजपाझ्रएनडीए को मिले इस अपार जन समर्थन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब देश में लंबे समय तक विकास की राजनीति को ही स्वीकार्यता मिलती रहेगी।आज के मतदान के ट्रेंड को एनडीए के पक्ष में बताते हुए श्री चौधरी ने कहा कि लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विकास नीतियों के पक्ष में एकतरफा रहा है।भाजपा अध्यक्ष ने दावा करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनने जा रही है। भाजपा सभी राज्यों में शानदार प्रदर्शन कर रही है।

## राजद भाजपा से लड़ रहे हैं या डर रहे हैं : पप्पू यादव

पूर्णिया (नवशक्ति)

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की सबसे हॉट सीट में शुमार पूर्णिया की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो चली है।इस सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव पर महागठबंधन खेमे की बड़ी पार्टी के द्वारा वार किया जा रहा है जिस पर पलटवार करते हुए पप्पू यादव ने बिना नाम लिए ट्वीट के जरिए उसे पार्टी पर निशाना साधा और पूछा कि वे भाजपा से लड़ रहे हैं या बीजेपी से डर रहे हैं? उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि महोदय आप बीजेपी से डर रहे हैं और राहुल गांधी जी भाजपा से लड़ रहे हैं। पप्पू यादव अपने में ट्वीट में लिखा कि कितनी नफरत ईर्ष्या है पूर्णिया से, कितना डर है पूर्णिया के बेटे से। पहले मेरी राजनीतिक हत्या करने की कोशिश की, जब



पूर्णिया की जनता ने मुझे बचाया, तो बदहवासी में निजी हमला कर रहे हैं। पप्पू यादव ने इसी ट्वीट में राजद के मंशे पर सवाल उठाते हुए लिखा कि दावा बीजेपी से लड़ने का करते हैं, लेकिन उसके खिलाफ एक शब्द नहीं बोले। उन्होंने पूछा कि महोदय, आप क्या राहुल गांधी जी की मदद करेंगे? आप भाजपा से डर रहे हैं। राहुल गांधी जी भाजपा से लड़ रहे हैं।आपको बता दे कि पप्पू यादव पहले ही कर चुके हैं कि वह इस बार पूर्णिया के लिए चुनाव मैदान में है इसलिए जो लोग भी पूर्णिया के भविष्य की हिफाजत करना चाहते हैं, पूर्णिया के बेटे को अपना आशीर्वाद दें और अगले 5 साल में पूर्णिया की तरक्की को चुने। इसको लेकर पप्पू यादव लगातार पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लोगों के बीच जा रहे हैं और वहां जाकर अपने लिए जन समर्थन हासिल कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पिछड़े समाज के लोगों को सम्मान देने का काम किया : अमित शाह

दिल्ली, (नवशक्ति)

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राजस्थान के पाली में जनसभा को संबोधित किया। अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की भाजपा सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। श्री शाह ने आदिवासी कल्याण, बुनियादी ढांचे के विकास और किसानों के समर्थन पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। श्री अमित शाह ने विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और इसकी तुलना राजस्थान में कांग्रेस सरकार की विफलताओं से की। श्री शाह ने 1857 की क्रांति में देश के लिए लोहा लेने वाले ठाकुर कुशाल सिंह को प्रणाम



करते हुए अपनी सभा की शुरूआत की। श्री शाह ने कहा कि पाली कपड़ों पर पेंटिंग और टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री के लिए काफी मशहूर है। जिस प्रकार आप जब बाजार में कपड़ा जैसे पगड़ी या धोती लेने जाते हो, तो कपड़े को ठीक से देखते हैं, ठीक उसी प्रकार इस बार देश के प्रधानमंत्री आपको बनाना है, तो प्रत्याशी को ढंग से देखकर वोट डालें। आपके सामने एक ओर 23 साल से बिना कोई छुट्टी लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर हर 3 महीने में विदेश में छुट्टियां मनाने वाले राहुल बाबा हैं। श्री शाह ने कहा कि मुझे एयरपोर्ट आफिसर ने बताया कि इस समय गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है, मैने उस एयरपोर्ट आफिसर को बोला कि गर्मी का ग्राफ जितना ऊपर जाएगा भाजपा कि सीटों का ग्राफ भी उतना ही ऊपर जाने वाला है। पहले चरण के मतदान में देशभर में बंपर वोटिंग हो रही है और जो मतदान केंद्र के अंदर जाता है, वह मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए ही बाहर आता है। पिछले चुनाव में आपने 303 सीटें दीं थीं और इस बार मोदी जी ने कहा है कि 400 पार होगा। कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपके सामने दो विकल्प है एक ओर 55 साल और 4 पीढ़ी तक राज करने वाले नेहरू-गांधी परिवार हैं और दूसरी ओर नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने पिछले 10 सालों में करोड़ो गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला है। एक ओर 12 लाख करोड़ की घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है, वहीं दूसरी ओर 23 साल में जिसपर 4 पैसे का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर सिर्फ दशकों तक गरीबी हटाओ का नारा देकर सत्ता का सुख भोगने वाली राहुल बाबा एंड कंपनी है, वहीं दूसरी ओर एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने वाले नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर हर 3 महीने में छुट्टी मनाने विदेश जाने वाले गांधी परिवार के शहजादे राहुल बाबा हैं और दूसरी ओर 23 साल से दिपावली तक की छुट्टी लिए बगैर सरहद पर जाकर जवानों के साथ मिठाई खानो वाला नरेन्द्र मोदी है।

## बिहार लोकतंत्र की जननी, जनता देगी इंडिया का साथ: मल्लिकार्जुन खड़गे

पटना (नवशक्ति)

कटिहार में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तारिक अनवर के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कटिहार के बंद पड़े दोनों जूट मिलों की समस्या को मुखरता से उठाते हुए कहा कि हम कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही उन्होंने मक्का और मखाना के खेती और फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना को लेकर अपने गठबंधन के विजन को जनता के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी रही है और उमड़े जनसैलाब ने यह संदेश दे दिया है कि कटिहार सहित सीमांचल के जिलों के विकास के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। अपने संबोधन में भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा के नेता खुलेआम संविधान बदलने के लिए अपनी जीत का आशीर्वाद मांगते नजर आ रहे हैं यह देश के लिए अच्छी बात नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठ बोलने में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बताया और कहा कि अपने नेताओं और प्रत्याशियों के द्वारा बार बार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के बनाएं संविधान को बदलने की बात कहने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने का कुत्सित प्रयास भाजपा के द्वारा किया जा रहा है इससे



आम जनता को सजग रहने की जरूरत है। बिहार से वोट लेकर 10 वर्षों से शासन में हैं लेकिन बिहार को मजदूर कारखाना बनाकर रखना चाहते हैं और यहां के विकास पर कुंडली मार कर बैठे हैं। हमने बिहार में सरकार बनाई तो 5 लाख सरकारी नौकरियां दी, आगे और युवाओं और किसानों का कल्याण होता लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबड़ा गए और खरीद फरोख्त की राजनीति के माध्यम से सरकार को अस्थिर किया। विपक्ष को बदनाम करने के लिए ईडी सीबीआई आईटी के झूठे केस चला दिए गया और जो नेता बीजेपी में शामिल होते गए उसे ये अपनी वाशिंग मशीन में साफ करते गए और केस बंद करने लगे। 23 विपक्षी नेताओं के भाजपा में शामिल होते ही उनके खिलाफ कार्रवाई रुक गई या बंद हो गई।मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री कहते हैं कि असली पिक्चर अभी बाकी है और यह 10 साल ट्रेलर था और इस ट्रेलर में ही देश को 1200 का सिलिंडर, 100 रुपए में पेट्रोल डीजल, 45 साल की रिकॉर्ड बेरोजगारी जिसमें देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार है, 50 साल की सबसे काम घरेलू बचत, 100 साला की सबसे बड़ी अमीर गरीब की खाई बना दिए तो पूरी फिल्म आ गई तो 400 का पेट्रोल डीजल और 1200 का सिलिंडर हो जायेगा। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से पूछा आप ही बताइए जब ट्रेलर फ्लॉप है तो पूरी पिक्चर देखने की जरूरत ही क्या है?

## आज हुए चारो लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव में राजद की जीत सुनिश्चित : चित्तरंजन गगन

पटना (नवशक्ति)

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन आज हुए चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को दिए जबरदस्त समर्थन के लिए मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चारो सीटों पर राजद की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा कि चारो क्षेत्रों के कुल 9234 मतदान केन्द्रों से मिले फीडबैक के अनुसार राजद अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से काफी मतों के अन्तर से चुनाव जीतने जा रही है।राजद प्रवक्ता ने कहा राजद के प्रदेश कार्यालय से गया लोकसभा क्षेत्र के 3252 , नवादा के 2043 ,औरंगाबाद के 1998 एवं जमुई के 1941 के एक-एक बुथ पर उपस्थित अपने कार्यकताओं से फीडबैक लेने से जो स्थिति सामने आई है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि चारो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में राजद को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला है और विपक्षी उम्मीदवारों को मतदाताओं ने सीधे तौर पर खारिज कर दिया है।राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार की जनता तेजस्वी जी में बिहार का भविष्य देख रही है।? आज मतदान केन्द्रों पर नौजवानों और महिला मतदाताओं में राजद के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला। एनडीए सरकार के दस वर्षों के शासन के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। एनडीए नेताओं के जुमलेबाजी से लोग उब चुके हैं। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से बेरोजगार नौजवानों में बेचैनी है। गाँवों में 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। किसान त्रस्त है। महंगाई से छात्र, युवा और महिला सभी परेशान हैं। देश के हालात इतने बदतर है कि 80 करोड़ लोग आज गरीबी की मार झेल रहा है।तेजस्वी जी द्वारा सत्रह महिने के कार्यकाल में किए गए कामों से लोग काफी प्रभावित हैं। वहीं एनडीए नेताओं को अपनी चुनावी सभाओं में जनता से जुड़े मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आज तो केवल शुरूआत है आगे वाले छः चरणों में जीत का फासला और भी बढ़ेगा और बिहार के चालीस सीटों पर इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत, चालक हुआ फरार

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** शुक्रवार कि अहले सुबह फतुहा - हिलसा मुख्य सड़क मार्ग पर चंदकुरा पेट्रोल पंप के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई।

घटना के बाद गश्त कर रही पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया, लेकिन ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। मृतक हिलसा थाना अंतर्गत यारपुर गांव का रहने वाला है।करायपरसुराय थाना क्षेत्र में चंदकुरा पेट्रोल पंप के समीप जिसकी पहचान हिलसा थाना अंतर्गत यारपुर गांव निवासी रामानंद मिस्त्री के पुत्र रोहित कुमार मोटरसाइकिल से हिलसा के दिशा की ओर से सड़क मार्ग से चले आ रहे थे। चंदकुरा पेट्रोल पंप के समीप हिलसा के तरफ से आ रही ट्रैक्टर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा दिया।हादसे में मौके पर बाइक



सवार की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर गश्त कर रही कराय परसुराय थाना की पुलिस हादसे को जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन चालक फरार हो गया लेकिन ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहा। मौके से पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर छानबीन शुरू कर दी।थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे के बाद पुलिस मृतक की पहचान के लिए पुलिस छानबीन शुरू कर दी। बाइक सवार के दुर्घटना में हुई बाइक की नंबर से युवक की पहचान मिला । जिससे बाइक सवार की पहचान हिलसा थाना अंतर्गत यारपुर के रहने वाले कमलेश दास के रूप में हुई। मौके से पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा गया वहीं पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया । मृतक के परिवार ने बताया कि वह पटना में रहकर बरढ़ी मिस्त्री के काम करता है वह अपने गांव यारपुर में गुरुवार को शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था समारोह के बाद लौटने के यारपुर गांव से पटना लौट के क्रम में बाइक दुर्घटना में मौत हो हुई वही युवक की मौत के बाद परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## हथियार एवं कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** लोकसभा आमचुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध अग्नेयास्त्र बरामदगी हेतू लगातार आसूचना संकलन कर छापेमारी की जा रही है।

इसी क्रम में 19 अप्रैल को 02:00 बजे सुबह में पुलिस को सूचना मिली कि मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोंगरीपर निवासी विकास कुमार उर्फ बटोरन पिता स्व० रामजी यादव अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करता है तथा अवैध हथियार को बेचने के लिए लाकर रखे हुए है, जिससे किसी आपराधिक घटना को भी अंजाम दे सकता है।

पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष, मानपुर के नेतृत्व में ग्राम गोंगरीपर स्थित निवासी विकास कुमार के घर की घेराबंदी करते हुए छापामारी की गयी। छापेमारी के क्रम में विकास कुमार के कमरा के



विछावन के नीचे से एक देशी कट्टा, दो देशी रायफल एवं 19 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा बरामद किया गया तथा विकास कुमार उर्फ बटोरन को गिरफतार किया। जिसके आलोक में मानपुर थाना कांड सं0 56/24 दिनांक 19.04.24 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज करअनुसंधान प्रारंभ किया गया है। हथियार के श्रोत तथा विकास के आपराधिक इतिहास के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01 देशी कट्टा, 02 देशी रायफल,19 जिंदा कारतूस तथा01 खोखा बरामद किया गया है।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या कि आशंका

**कतरीसराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** छाछु बिगहा गांव से पश्चिम सड़क किनारे बधार में 24 वर्षीय युवक का शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गयी।

प्राप्त समाचार के अनुसार लगभग 5:00 बजे सुबह में एक टोटो मुर्गी लेकर जा रहा था ,तो चालक कि नजर सड़क किनारे पड़े एक शव के उपर गया ,तो छाछु बिगहा मोड़ पर आकर गामीणों को बताया कि एक शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है ।ग्रामीणों ने आकर शव कि पुष्टि करते हुए तत्काल इसकी सूचना थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी को दिया ।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को दिया तो गिरियक इंस्पेक्टर मनीष भरद्वाज घटना स्थल पहुंचे ,वहीं थानाध्यक्ष अपने दलबल के घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू किया ,तो जांच के क्रम में आधार कार्ड से उक्त युवक की पहचान नवादा जिला अन्तर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के



मंझनपुरा गांव निवासी हिरा यादव के 24 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार के रूप में किया गया है।

चचेरे भाई सतीश कुमार तथा मृतक के पिता ने बताया कि दो बजे दिन में छाछु बिगहा मोड़ पर साईं बाबा का मेला देखने के लिए जा रहे बोल कर घर से निकला था, उसके बाद मनीष के संदीप के मोबाइल से 2:00 बजे रात में कॉल करके मुझे गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने की बात अज्ञात व्यक्ति द्वारा कहा गया था।

वहीं परिजनों द्वारा बताया गया कि संदीप का छाछुविगहा के किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिससे अक्सर वीडियो व ऑडियो कॉल में बात करता था, उसी के बुलावा में छाछु बिगहा मेला देखने आया था।

उक्त बातों की जिक्र मृतक के पिता द्वारा थाने में दिए गए लिखित शिकायत में भी किया गया है ।

इस संबंध में गिरियक इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है ।

हर तरफ से जांच किया जा रहा है ।प्रथम दृष्टा ये प्रेम प्रसंग में हत्या का मामला प्रतीत होता है ।युवक के साथ किसी कठोर वस्तु लाठी या रड्ड से मार पीट कर हत्या किया गया है। मृतक के बदन पर चोट का निशान मिला है। हत्या कहीं अन्य जगह पर कर के उक्त स्थान पर फेंका गया है। इस मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है, बहुत जल्द इस हत्या का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

## मोदी सरकार ने देश के गरीब, पिछड़े, दलित, जरूरतमंदों को जो हक अदा किया वह ऐतिहासिक, अविस्मरणीय : सम्राट चौधरी

**समस्तीपुर ( नव शक्ति )**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित लोजपा(रामविलास) की प्रत्याशी श्रीमती शाम्भवी चौधरी जी के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद सभा में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए साफ लहजे में कहा कि यह विशाल जनसमूह इस बात का प्रमाण है कि आएँगे तो मोदी जी ही।

उन्होंने महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने बीते एक दशक में देश के गरीब, पिछड़े, दलित, जरूरतमंदों को जो हक अदा किया है, वो ऐतिहासिक, अविस्मरणीय,




अकल्पनीय है।उन्होंने कहा कि अगर देश में मोदी जी की गारंटी है तो समस्तीपुर के विकास के लिए शांभवी है तो संभव है। उन्होंने कहा कि पीएम ने देश को और बिहार को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने साफ कहा कि संकल्प पूरा करने वाला प्रधानमंत्री अगर कोई है तो वह मोदी है। उन्होंने कहा कि 500 सालों से प्रभु श्रीराम टेंट में पड़े इंतजार कर रहे थे और जब देश के लोगों का आशीर्वाद मोदी जी को मिला तो प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में प्रवेश कर गए। जब आपलोगों का आशीर्वाद मिला तो अखंड भारत का सपना पूरा हुआ, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को कचड़े में फेंक दिया गया। यह मोदी जी का करिश्मा है।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा वादा नहीं भूलती है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष सावन में मटन बना कर कांग्रेस के नेता को खिला रहे हैं जबकि उनके पुत्र और आगे निकलकर नवरात्रि में हेलीकॉप्टर में मछली खा रहे हैं और सनातन का अपमान कर रहे हैं। श्री चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सनातन का अपमान करना बंद कर दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से पूरे बिहार में एनडीए के प्रत्याशियों को जीताने की अपील की।

## संक्षिप्त खबर

### पाबर सब स्टेशन से कई दिनों से बिजली की कटौती से किसान परेशान

**थरथरी (नालंदा) (नवशक्ति)।** थरथरी प्रखण्ड क्षेत्र के पाबर सब स्टेशन से कई दिनों से बिजली की कटौती से किसान परेशान हैं।बिजली आपूर्ति कम होने की वजह से फसलें सूख रही हैं।सिंचाई का काम भी प्रभावित हो रहा है।इससे कृषि के साथ-साथ व्यवसाय भी प्रभावित हो रहे हैं। पूरे दिन बिजली आपूर्ति ठप रहती है। हल्की हवा या हल्की वारिस में घंटों बिजली प्रभावित रहती है ।बिजली की लचर व्यवस्था से किसान की खड़ी फसल जलकर राख हो जा रहा है। कारण बिजली तार का रख रखाब या ससमय ग्यारह हजार लाईन का देख-रेख कर्मियों द्वारा नहीं किया जाना । कहीं बिजली तार से पेड़ों की टहनी टकरा रही है।जिससे अगलगी का शिकायत या घंटों बिजली प्रभावित रह रही है। विभागीय उदासीनता के चलते इन दिनों क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही है जिसका खामियाजा बिजली उपभोक्ता खासकर किसान भुगत रहे हैं। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया बिजली आपूर्ति में सुधार जल्द करा दिया जायेगा।

### पूर्व शराब कांड का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर थाना पुलिस ने इस्लामपुर थाना क्षेत्र के इचहोस तकिया पर गांव मे छापेमारी कर पूर्व शराब कांड का नामजद आरोपी बब्लू सपेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आग लगने से हजारों रुपए मूल्य की सम्पति जली

**इस्लामपुर (नालंदा)(नवशक्ति)।** इस्लामपुर नगर के बुढ़ानगर मुहल्ले मे राजकिशोर शर्मा नामक व्यक्ति के घर मे आग लगने के कारण हजारों रुपए मूल्य की सम्पति जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पिड़ित गृहस्वामी राजकिशोर शर्मा ने बताया की आग लगने के कारण घर मे रखा कपड़ा ,अनाज, चौकी, जलवान सहित अन्य घरेलू समाग्री जलकर राख हो गया। वही आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### फसल अवशेष को खेतों में न जलाने व होने वाले नुकसान के प्रति किसानों को जागरूक करने हेतु बैठक आयोजित

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** आज शुक्रवार को शशांक शुभंकर , जिलाधिकारी , नालंदा की अध्यक्षता में फसल अवशेष को खेतों में न जलाने तथा फसल जलने से होने वाले नुकसान के प्रति किसानों तथा आमजनों के बीच जागरूकता हेतु जिला स्तर पर अंतर विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पराली जलाने वाले चिन्हित किसानों का रजिस्ट्रेशन रद्द करें , साथ ही जिस पंचायत में पराली जलाने की बार-बार घटना हो रही है उस पंचायत के किसान सलाहकार ,किसान समन्वयक पर स्पष्टीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि हार्वेस्टर के लिए शीघ्र लाइसेंस निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गिरियक /राजगीर पहाड़ी के आसपास वाले जंगलों/ खेतों में अगलगी से बचाव हेतु गांवों में व्यापक प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे, तथा स्थानीय ग्रामीणों को आग से बचाव हेतु प्रशिक्षण देना भी सुनिश्चित करेंगे ।इन क्षेत्रों में अगलगी घटना की सूचना वन विभाग के दूरभाष संख्या 8340432091 पर तुरंत सूचित करें। अगलगी घटना की सूचना जिला आपदा प्रबंधन दूरभाष संख्या 06112-233168 पर भी दी जा सकती है। फसल अवशेषों को खेतों में न जलाने के प्रति जागरूकता के लिए अंतर विभागीय कार्य समूह यथा कृषि विभाग/ वन एवं पर्यावरण विभाग/ स्वास्थ्य विभाग /शिक्षा विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग/ पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग/ सहकारिता विभाग /पंचायती राज विभाग/ जिला सूचना जनसंपर्क विभाग के संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों / ग्रामीण लोगों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार / प्रशिक्षण कर जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर जिला वन पदाधिकारी/ अपर समाहर्ता आपदा/ सहायक समाहर्ता/ जिला सहकारिता पदाधिकारी /जिला शिक्षा पदाधिकारी/ जिला पंचायती राज पदाधिकारी/ सिविल सर्जन /कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केंद्र /जिला पशुपालन पदाधिकारी/ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी /जिला कृषि पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

## शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर भोग लगेगा सवा मन लड्डू का प्रसाद

**पटना (नव शक्ति)**

शक्तिधाम मंदिर में मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती का आयोजन पूरे धूम धाम एवं श्रद्धा के साथ से मनाया जायेगा. यह जानकारी शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने आज तैयरी बैठक के बाद दिया. अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार 23 अप्रैल को शक्तिधाम स्थित हनुमान मंदिर में प्रातः पौने दस बजे विशेष पूजन, श्रिंगार, आरती एवं सवा मन लड्डू का भोग अर्पण किया जाएगा. साथ हीं संध्या में साढ़े चार बजे से हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन कीर्तन शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ किया जायेगा. अग्रवाल ने कहा कि पाठ समाप्ति पर सभी भक्तजनो को प्रसाद वितरण किया अग्रवाल ने बताया की हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का



जन्म हुआ था । इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था । इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए. अग्रवाल ने कहा कि माना जाता है कि महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा। बैठक में अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, सूर्य नारायण, शंकर शर्मा, एम पी जैन सहित अन्य उपस्थित थे.

## पटना के किशोर हो रहे है नशे के शिकार- प्रेम कुमार

**पटना (नव शक्ति)**

मुँह का कैंसर का मुख्य कारण है तंबाकु का सेवन बिहार में 80 प्रतिशत लोग तंबाकु का सेवन करते है जिसमें खैनी, बीड़ी,सिगरेट, गुटका, गाँजा का सेवन करते है । सबसे हैरत तो अब हो रहा है कि कुछ परिवार तो ऐसे है जिसमें पूरा का पूरा परिवार ही गंजेड़ी है । फाउंडेशन के एक सर्वे में खुलासा हुआ कि स्कूल और कॉलेज के छात्र भी तंवकु के चपेट में आते जा रहे है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि तंबाकु के उत्पादन और उपयोग पर पूर्ण रूप से पावंदी लगाने की जरूरत है । सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है ।सरकार पावंदी लगाती है इससे सिर्फ पुलिस की कमाई बढ़ जाता है । गुटका और शराब पर



पावंदी के बाद भी सब जगह मिल रहा है । नशा मुक्ति के लिए जन आंदोलन चलाने की जरूरत है ।नशा हर तरह के अपराध की जननी है . आजकल का युवा वर्ग पहले तो फैशन के तौर पर नशीले पदार्थ का प्रयोग शुरू करता है लेकिन बाद में जाकर यह आदत बन जाती है . नशे की आदत मौत को दावत देकर बुलाने के बराबर है इसलिए खासकर युवा वर्ग को नशे से बिल्कुल परहेज करना चाहिए । उन्होंने कि गुटखा, खैनी, तम्बाकू के सेवन से हर साल लाखों नौजवान बेमौत मारे जा रहे हैं . नशा बबार्दी का कारण है जिसका खात्मा आपसी सहयोग के बल पर ही सम्भव है ।छात्र युवाओं के साथ साथ आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे नशा विरोधी मुहिम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सशक्त भूमिका अदा करें . इस के मौके उन्होंने नशे से होने वाली हानियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसके खिलाफ अपने अपने घर से ही जंग शुरू करना होगा । स्कूली छात्र और किशोर धड़ल्ले से नशा के गिरफ्त में फस रहे है । पटना पुलिस ये सबसे बेखबर है । इस अवसर पर राजीव कुमार,राउंसि कुमार,हिमांशू शर्मा, सन्नी कुमार,त्रिलोकीनाथ मेहता,साहिल कुमार,विशाल कुमार,रवि कुमार, हीरालाल कुमार,तनिष्क राज, सुधांशू राज, अभय झा समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद उपस्थित थे .

## समाजवाद की पाठशाला है समस्तीपुर, फर्जी समाजवादियों का मंसूबा यहाँ कामयाब नहीं होगा: उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना (संवाददाता)**

बिहार जद(यू0) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा शुक्रवार को समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र की एनडीए प्रत्याशी श्रीमती शांभवी चैधरी एवं बेगुसराय लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह में शामिल हुए। दोनों जगहों पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय जनता से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की जन्म और कर्म भूमि समस्तीपुर असली समाजवाद की पाठशाला है। यहाँ की जागरूक जनता सही और गलत के हर पहलू से अवगत है। समस्तीपुर की जनता भलीभाँति इस बात को समझती है कि विकसित




भारत और विकसित बिहार के संकल्प को पूरा करने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी कितनी आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजद के शासन में पूरे बिहार में भय और असुरक्षा का माहौल होता था। आम जनता की बात छोड़िए, बड़े-बड़े अधिकारी और नेता भी खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। 15 सालों तक बिहार की जनता को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन बसर करना पड़ा।

स्वास्थ्य और शिक्षा की चैपट स्थिति थी लेकिन आज हमारा बिहार सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाला अर्थव्यवस्था बना है। नीतीश कुमार ने जब बिहार का कमान संभाला तो उन्होंने हर घर बिजली,पानी और शौचालय की सुविधाएं पहुंचायी। टोले और मोहल्लों में पक्की सड़के बनवाई जिससे आवगमन की सुविधाएं बेहतर हो। श्री नीतीश कुमार ने विगत 18 वर्षो में न्याय के साथ समावेशी विकास का बेजोड़ उदारहण देश-दुनिया के सामने पेश करने का काम किया हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से बिहार विकास के नित-नए आयाम तय कर रहा है।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में एक सीट की जो कसर बाकी रह गई थी उसे अबकी बार पूरा करना है, यही अपील और आग्रह करने हम आप सबों के बीच आयें है। यह जीत सिर्फ एनडीए उम्मीदवार की जीत नहीं बल्कि बिहार की तरक्की और नए पीढ़ियों के उज्जवज भविष्य की जीत साबित होगी। उन्होंने कहा कि परिवारवादी और भ्रष्टाचारी पार्टियों के झांसे में जनता नहीं आएगी। बिहार में 40 और देश में 400 सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत का लक्ष्य पूरा होगा।

# दौड़ की प्रैक्टिस के लिए निकला छात्र का सड़क किनारे मिला शव

साकेत रौशन



**जहानाबाद (नव शक्ति)।** शकुराबाद बभना रोड स्थित सिकरिया गांव के पास एक किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गया। सड़क किनारे शव देखकर लोग अवाक रह गए। जानकारी के बाद पहुंचे परिजनों ने सड़क को जाम कर दिया। बाद में एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम पहुंची। जिसके बाद समझा बूझकर लोगों को शांत कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बेलदारी बीघा गांव का रहने वाला सूरज कुमार हर दिन बहाली के लिए दौड़ की प्रैक्टिस करने सुबह-सुबह घर से निकलता था। शुक्रवार की सुबह भी 4 बजे अपने घर से निकला। देर तक घर जब नहीं लौटा तो लोगों ने आसपास में ढूंढना शुरू किया। सड़क किनारे सूरज का शव देखकर लोग अवाक रह गए। परिजनों का आरोप है की धारदार हथियार से सूरज की हत्या की गई है। परिवार के लोगों का कहना है कि सुबह किसी ने फोन करके सूरज को बुलाया था। जबकि मोबाइल से उसका कॉल डिटेल्स डिलीट कर दिया गया है। जानकारी के बाद पहुंचे एसडीपीओ ने बताया कि अभी किसी भी निष्कर्ष पर निकलना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह पता चल पाएगा की मौत की वजह क्या है। इधर होनहार विद्यार्थी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# किसानों को मक्का की खेती के लिए किया जा रहा है प्रोत्साहित: संजय कुमार अग्रवाल

**पटना (नवशक्ति)**

कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा मक्का की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। पीला सोना के रूप में जाना जाने वाला मक्का की कटनी होने लगी है। किसान प्रदीप कुमार चौरसिया द्वारा जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम अंतर्गत उन्नत तकनीक अपनाते हुए कटिहार जिले के मुसापुर गांव में मेढ़ पर मक्के की बुवाई की गई थी। किसान को मक्का की कटनी के दौरान लगभग 112 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मक्का का उत्पादन हुआ। जिससे उनको एक हेक्टेयर में 1 लाख 58 हजार 500 शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। पिछले साल उन्हें फ्लैट बेड पर मक्का की खेती करने पर करीब 98 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मक्का ही का उत्पादन हुआ था।

रबी (2023-24) कटिहार जिले में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत कुल लगभग 450 एकड़ में मेढ़ पर मक्के की खेती की गई है।उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के प्रसार कार्यकर्त्ता तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों को समय-समय पर मेढ़ पर मक्के की खेती से संबंधित प्रशिक्षण के साथ-साथ एक एकड़ में फसल लगाने के लिए बीज भी उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही त्पेमक ठमक च्संदजमत डंबीपदम का खर्च, कीड़े-मकोड़े से बचाव के लिए छिड़काव के लिए दवाई इत्यादि भी दिया गया।श्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों को मक्का की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएँ चलाई जा रही है। दक्षिण बिहार में वर्षा कम होती है।

इस वजह से किसान ज्यादा पानी की जरूरत वाली फसलें नहीं लगा पाते हैं। यहाँ धान की रोपाई और कटाई देर से होती है। इस कारण रबी मौसम में गेहूँ लगाने में देर होता है तथा उत्पादन कम मिलता है। मक्के की खेती कर जलवायु परिवर्तन के दौर में फसल चक्र सुधारने में मदद मिलेगी एवं किसानों को अधिक मुनाफा मिलेगी।

# अलीगढ़ मुस्लिम विवि के शाखा की स्थापना को लेकर भाजपा उदासीन: मल्लिकार्जुन खड़गे

## किशनगंज में कृषि आधारित उद्योगों व शैक्षणिक विकास को गति देगी इंडिया गठबंधन: मल्लिकार्जुन खड़गे

**किशनगंज (नवशक्ति)**

किशनगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ मोहम्मद जावेद के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने किशनगंज को जनता को 2014 और 2019 में बीजेपी व जदयू को हराकर अपने प्रत्याशियों के जीत पर आभार जताते हुए पुनः इस बार भारी मतों से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को सदन भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किशनगंज में मक्का, अनानास और चाय की खेती होती है लेकिन कृषि आधारित उद्योगों के ना होने से किसानों के भारी घाटा होता है और बिचौलिए के मदद से अपनी फसलों को बेचना पड़ता है वो भी तब जब खाद्य प्रसंस्करण मंत्री बिहार से हैं लेकिन उन्होंने कभी भी यहां की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। अपने संबोधन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारी सरकार जब केंद्र में थी तो यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की एक शाखा का उद्घाटन किशनगंज में किया ताकि यहां के युवा डॉक्टर, आईएएस और विद्वान बन सकें लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने यहां का फंड रोक दिया जिससे इस इलाके के विकास की गति रुक गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस इलाके को पिछड़ा बनाना चाहते हैं और यहां के युवाओं को गरीबी के दंश झेलने को विवश कर रहे हैं। यदि यहां उद्योग होते तो लाखों लोगों को रोजगार मिलता, किसानों को भी फसल का बेहतर दाम मिलता। पूरे



देश में इस सरकार के द्वारा उद्योगों को चौपट किया जा रहा है। हमारी सरकार आई तो हम अगले पांच सालों में देश के उत्पादन को 14% से बढ़ाकर जीडीपी का 20% बना देंगे। उन्होंने आगे कहा कि पूरे देश का युवा न्याय मांग रहा है, उन्होंने सवाल किया कि यदि मेक इन इंडिया सफल है तो देश में उत्पादन क्यों कम हो रहा है, बड़े बड़े कारखाने क्यों बंद हो रहे हैं, सरकारी नौकरियों में भर्तियां क्यों नहीं हो रही, सरकारी नौकरी की परीक्षा में बार बार पेपर लीक क्यों हो जाता है? उन्होंने प्रधानमंत्री के पुराने वादों को गिनाते हुए कहा कि 2014 में उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने को कहा था, 2015 में 1 लाख 25 हजार करोड़ का पैकेज देने को कहा था ये सभी वादे जुमले और झांसा निकल गए। मोदी के 10 साल और नीतीश कुमार 18 साल में बिहार को क्या मिला आज ये सवाल प्रासंगिक है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना तानाशाह से करते हुए उन्होंने कहा कि कोई तानाशाह ही व्यक्तिगत गारंटी दे सकता है जबकि लोकतंत्र में राजनीतिक दल गारंटी देते हैं और शासन में आने के बाद उन्हें पूरा करता है। राजनीतिक दल को तो आप सबक सीखा सकते हैं उसकी गलती पर या वादाखिलाफी पर लेकिन व्यक्तिगत गारंटी देने वाले को कहां से ढूंढेंगे। उन्होंने कहा कि पुरानी गारंटियों का हिसाब किताब भी इस चुनाव में आपको उनसे लेना है। उन्होंने बिहार के लोगों से आह्वान किया कि बाबा साहेब आंबेडकर संविधान के रचयिता थे और बिहार के लाल पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष तो बिहार को ज्यादा जिम्मेदारी से सोचना होगा कि आज बीजेपी के नेता, सांसद, विधायक 400 पार का नारा लगा रहे हैं और कह रहे हैं कि इसलिए ताकि संविधान बदला जा सकें तो इन्हें सबक जरूर सिखाइए आपलोग। 10 साल में जिस पार्टी ने 444 विधायक खरीदे हो उन्होंने अपनी नैतिकता का प्रमाण दे दिया है। एक एक विधायक की खरीद पर 50 करोड़ रुपए खर्चने वाली पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है और यह दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। ये जेब काटने वाले लोग हैं जो पकड़े जाने पर माफी मांगने के जगह अपनी गलती को ही सही ठहराने लगते हैं"कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश भर में इंडिया गठबंधन के प्रति लहर है।

# नीतीश कुमार को बताना चाहिए भागलपुर में कितने उद्योग-धंधे लगे : अरुण यादव

**भागलपुर,(नवशक्ति)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि बिहार में नीतीश-भाजपा की सरकार 17 वर्षों से है वहीं केंद्र में जदयू समर्थित भाजपा की विगत 10 वर्षों से सरकार है। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को नवगछिया रंगरा के विनोबा भावे विद्यालय मैदान में आयोजित चुनावी सभा में बताना चाहिए कि उन्होंने 17 वर्षों में भागलपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने उद्योग-धंधे, कल कारखाने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, क्ळ पार्क, इंडस्ट्री स्पेसिफिक क्लस्टर स्थापित करवाए?श्री यादव ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार ने 39 सांसद एनडीए को दिया। भागलपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने एनडीए उम्मीदवार को जिताया लेकिन भागलपुर को क्या मिला? एनडीए कुछ भी कर ले लेकिन इस बार दाल गलने वाला नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता त्राहिमाम है। श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा जारी परिवर्तन पत्र में 24 जन वचन पूरे होंगे। बिहार में 17 साल बनाम 17 महीनों की तर्ज पर इंडिया गठबंधन सरकार एक करोड़ नौकरियां देंगे। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज देंगे। पांच सौ रुपया में गैस सिलेंडर देंगे। दस फसलों पर एमएसपी देंगे। दो सौ यूनिट फ्री बिजली देंगे। पुरानी पेंशन बहाली की जायेगी। महिला सशक्तिकरण, युवा आयोग का गठन सहित 24 जनवचन पूरा करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी वायदे किए थे एक भी वायदे पूरा नही किया। सभी वायदे जुमला साबित हुआ। इस बार के लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनाम मोदी की लड़ाई है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर वोट करने का निर्णय लिया है। इंडिया गठबंधन के पक्ष में लहर है इस लहर में एनडीए का सूपड़ा साफ होगा। भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित है।

# ई.डी.आई.आई ने पीजीडीएम इन एंटरप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए



**पटना,(नवशक्ति)।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ई.डी.आई.आई), ने अपने 2-वर्षीय पीजीडीएम प्रोग्रामोंरू पीजीडीएम इन एंटरप्रेन्योरिशप पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये प्रोग्राम उभरते एंटरप्रेन्योर्स और उन लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं जो समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करना चाहते हैं। 2024-2026 बैच के लिए आवेदन की अंतिम दिनांक 27 अप्रैल 2024 है, और इंटरव्यू की शुरूआत 30 अप्रैल 2024 को होगी। उम्मीदवार सीधे वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। डॉ पंकज भारती एसोसिएट प्रोफेसर ई.डी.आई.आई. ने कहा कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम-ई, प्रोग्राम अपने 27वें बैच में है, जो उद्यमियों एवं मैनेजमेन्ट के पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया व्यापक दो-वर्षीय, फुल टाईम कोर्स है। इस कोर्स में छह ट्राइमेस्टर्स हैं, जहां छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े विभिन्न पहलुओं में कौशल हासिल करने, क्रिटिकल थिंकिंग एवं हैण्ड्स-ऑन लर्निंग (व्यवहारिक कौशल) सीखने का मौका मिलता है। इसके स्पेशलाइजेश़न्स में शामिल हैंरू उद्यम के विकास पर फोकस करने वाला न्यू एंटरप्राइज क्रिएशन (एनईसी); पारिवारिक कारोबार के लिए फैमिली बिजनेस मैनेजमेन्ट (एफबीएम) और स्थायी विकास के लिए इनोवेटिव लीडर्स बनाने वाला सोशल एंटरप्रेन्योरशिप (एसई)। इस कोर्स में छात्रों को गहन प्रशिक्षण, संरक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, उनके चुने हुए मार्ग के आधार पर विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ यह कोर्स पूरा होता है।उन्होंने ने आगे बताया कि ई.डी.आई.आई. का पीजीडीएम इन इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड वेंचर डेवलपमेन्ट दो-वर्षीय फुल टाईम प्रोग्राम है जिसे एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह व्यापक कोर्स आधुनिक आइडिया को स्थायी बिजनेस अवसर में बदलने के छात्रों के कौशल को अपग्रेड करता है।

## संक्षिप्त खबर

### आचार संहिता उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध की गई प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद ( नव शक्ति )।** विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, जहानाबाद श्री किशोर कुणाल द्वारा सरकारी भवन के बाहरी बाउंड्री, जहानाबाद, बिहार राज्य पथ निर्माण निगम, काको रोड जहानाबाद के बाहर वाले दीवार पर, बिजली ऑफिस, काको रोड, जहानाबाद के स्वामित्व वाले दीवार पर, बिजली ऑफिस, काको रोड, जहानाबाद के सामने अज्ञात बन्द गुमटी के दोनों साइड पर, परिवहन विभाग के परिचालित परीक्षण केन्द्र के सामने अज्ञात बन्द गुमटी के साइड वाले वॉल पर, के साथ- साथ कुछ जगहों पर भारतीय जनता पार्टी का लगा हुआ पोस्टल/दीवार लेखन पाया गया। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर 36-जहानाबाद संसदीय क्षेत्र आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। फलतः उपरोक्त स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पोस्टल लगाना एवं दीवार लेखन कराना आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में संबंधित विरुद्ध नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

### स्वीप कोषांग को कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

**जहानाबाद ( नव शक्ति )।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे के निर्देश पर अपर समाहर्ता सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग श्री ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में स्वीप कोषांग को कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक के क्रम में अपर समाहर्ता के द्वारा जिला स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी श्रीमती कंचन कुमारी झा तथा जिला स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ किए गए कार्य को समीक्षा की गई। उन्होने निर्देश दिया कि स्वीप गतिविधि के कार्यों में तेजी लाया जाए तथा सभी वरीय पदाधिकारी, जीविका, आई.सी.डी.एस., निर्वाचन आईकॉन एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर तैयार स्वीप कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2019 के समय कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### पहले चरण में एनडीए का हो गया सफाया

**पटना (नवशक्ति)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि बिहार सहित पूरे देश में पहले चरण का लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो गया। पहले चरण के चुनाव में ही भाजपा गठबंधन की हवा निकल गई है। देश की जनता ने महंगाई, तानाशाही और फासीवाद के खिलाफ वोट किया है। बिहार की चारों लोकसभा सीटों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार की जीत हो रही है। राजग अपने में ही बटा हुआ है तो महागठबंधन एकजुट है।भाकपा राज्य सचिव ने कहा ज्यों ज्यों चुनाव का चरण बढ़ेगा त्यों त्यों भाजपा की बौखलाहट भी बढ़ेगी। क्योंकि केंद्र की सत्ता से भाजपा की विदाई तय हो गई।जनता भावना पर नहीं मुद्दों पर वोट कर रही है। मोदी की गारंटी पानी पर लिखाई के समान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जो वादे किए, वो कभी नहीं निभा पाये। युवाओं को प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरी नहीं मिली। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं मिले। किसानों की आमदनी दो गुनी नहीं हुई। सभी गरीबों को पक्का घर नहीं मिला। मंहगाई कम नहीं हुयी बल्कि सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत कई गुना बढ़ गई। आम जनता मंहगाई और बेरोजगारी से परेशान है।

# भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा ने विभिन्न वार्डों का किया दौरा

**भागलपुर (नवशक्ति)**



भागलपुर के विधायक सह भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा जी ने भागलपुर विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए अनुरोध किया। श्री शर्मा शीतला स्थान चौक, मिरजानहाट दुर्गास्थान, मोहद्दीनगर दुर्गास्थान, बबरगंज, महेशपुर, अलीगंज, शैलबाग, हुसैनाबाद, बाल्टी कारखाना, गुड़हट्टा चौक, उल्टा पुल स्टेशन चौक, तातारपुर परवत्ती, नाथनगर, मसकन्द बरारीपुर, सरदारपुर, हसनाबाद और नरगा जाकर स्थानीय मतदाताओं से मिलकर लोगों से कहा कि आपने मुझे तीन बार विधायक निर्वाचित किया, मैंने अपनी पूरी क्षमता से भागलपुर के विकास के लिए विधान सभा आपकी आवाज बुलन्द किया है। आप मुझे एक बार सांसद निर्वाचित करें मैं अपनी पूरी क्षमता से भागलपुर के विकास के लिए आवाज बुलन्द करूँगा। लोक सभा में सक्षम और समुचित नेतृत्व के आभाव में यह क्षेत्र विकास से मरहूम है। मैं भागलपुर के खोए गौरव को वापस करूँगा। इस अवसर पर उनके साथ डा. अभय आनन्द, सोईन अंसारी, जाबिर अंसारी, गुलाम हैदर, मो. इशहाक अंसारी, मो.सैफल्लाह अंसारी, नजाहत अंसारी, शोएब अंसारी, नसीब कैसर, फैसल अंसारी, मो. जुम्मन अंसारी, बाबर अंसारी, जियाउर रहमान अंसारी, अशफाक अंसारी, बंटी कुमार दास, संजीव कुमार दास, गोकुल दास इत्यादि मौजूद थे।

# गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब ऐतिहासिक विजय पर मुहर है : सम्राट चौधरी

**बेगूसराय ( नव शक्ति )**



प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री आज बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के नामांकन समारोह सह आशीर्वाद जनसभा में भाग लेने बेगूसराय पहुँचें।

श्री चौधरी ने आये लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेगूसराय की धरती देशभक्तों की धरती है और यहां से 2024 में 2019 से भी एनडीए की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने लोगों में उत्साह भरते हुए कहा कि नामांकन समारोह सह आशीर्वाद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब ऐतिहासिक विजय पर मुहर है।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तपती गर्मी में भी आमजन का फिर एक बार मोदी सरकार के लिए उत्साह-उमंग देखने योग्य है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी देश को और बिहार को श्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की ओर चल पड़े हैं।

उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद के अध्यक्ष सावन में मटन बनाकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को खिला रहे थे। उनके पुत्र उनसे आगे निकलते हुए हेलीकॉप्टर में मछली खाते हुए वीडियो शेयर कर रहे है, वह भी नवरात्रि में। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि आप कुछ भी खाए लेकिन तुष्टिकरण के लिए सनातनियों का अपमान बंद करना होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए जब भी सरकार में रही है, तब ही आरक्षण बढ़ाया गया। प्रधानमंत्री ने सभी की चिंता की।

आज तक सामान्य गरीब परिवारों की चिंता किसी ने नहीं की, लेकिन प्रधानमन्त्री ने सवर्ण गरीबों को भी आरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष के लिए उनका परिवार ही आरक्षण है। उनकी चिंता अपनी टूरिस्ट बेटी को सांसद बनाने की है। उन्होंने कहा कि आज देश आगे बढ़ रहा है। देश का सम्मान दुनिया में बढ़ रहा है। इस अवसर पर लोजपा (रा) के प्रमुख चिराग पासवान जी एवं एनडीए के अनिल शर्मा सभी वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# यह सांसद का चुनाव नहीं यह चुनाव देश को मजबूत करने का है: कर्मवीर सिंह

रांची (नवशक्ति)

चांडिल स्थित बाबूर बागान में भारतीय जनता पार्टी ईचागढ़ विधानसभा की कोर कमेटी और लोकसभा प्रबंधन समिति की बैठक जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें रांची मे? 2 मई को होने वाले नामांकन सभा में ईचागढ़ विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ जी ने कहा कि 2 मई को होने वाला नामांकन ऐतिहासिक होगा एवं भारतीय जनता पार्टी रांची लोकसभा से यहां के जनता के प्यार और आशीर्वाद से ऐतिहासिक विजय करेगी । उनके द्वारा किए विकास कार्य ,जनता से जुड़ाव एवं रांची लोकसभा के सभी विधानसभाओं में लगातार 5 साल तक वह जनता के बीच में रहे हैं ।भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने चुनावी प्रबंधन और जनसंपर्क से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा यह चुनाव सांसद का नहीं देश के विकास का चुनाव है सभी कार्यकताओं को बुथस्तर तक लोगों से संपर्क करने एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का टास्क कार्यकताओं को दिया ।जिला अध्यक्ष श्री उदय




सिंहदेव जी ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा में कार्यकर्ता संगठित और मजबूत है। रांची लोकसभा में ईचागढ़ विधानसभा पिछले बार से अधिक वोटो से विजयी बनाकर कमल खिलाने का कार्य करेगा ।पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि नामांकन में हजारों की संख्या में ईचागढ़ से कार्यकर्ता जाएंगे और रांची लोकसभा के ऐतिहासिक विजय में ईचागढ़ की जनता एवं यहां के कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा ? ।मंच का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री एवं लोकसभा चुनाव के निमित ईचागढ़ विधानसभा के संयोजक मधुसूदन गोराई जीने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला के उपाध्यक्ष ठाकुरदास महतो जी ने किया ।

इस मौके पर मंच पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय जी, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू जी लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय जी, ईचागढ़ विधानसभा के प्रभारी दिनेश कुमार जी, सह- प्रभारी प्रभु दयाल बड़ाईक जी ,सारथी महतो जी, राकेश सिंह जी, ईचागढ़ विधानसभा के सभी मंडलों के अध्यक्ष कोर कमेटी के सदस्य गण एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# रक्तदान क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया

धनबाद (नवशक्ति)

एसएनसीएमएच धनबाद के सभागार में स्वैच्छिक रक्तदाता संस्थाओं के लिए एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर रक्तदान क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिंहा और सी आई एस एफ के डी आई जी विनय काजला थे। मौके पर ब्लड बैंक के प्रभारी बीके पांडेय और डॉ यू के ओझा, डॉ प्रतिभा राय भी मौजूद थे। जिले के लगभग डेढ़ दर्जन संस्थाओं को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । विदित हो कि जन अधिकार मंच सिंदरी द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर आजादी के लिए मर मीटने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जाता है।




आजादी के वर्षगांठ की संख्या के बराबर की संख्या में रक्तदान किया जाता है।

युवाओं की भागीदारी और उत्साह इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहता है जो देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत रहते हैं। मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने युवाओं को इस नेक कार्य में भागीदारी करने के लिए आभार प्रकट किया है और एसएनसीएमएच को सम्मान समारोह आयोजित कर संस्थाओं को सम्मानित करने के प्रयास की सराहना की है। इस मौके पर सम्मान ग्रहण करने के लिए सौरभ सिंह, पवन शर्मा, प्रशांत चंद्र भोई , मनीष सिन्हा, प्रभात श्रीवास्तव, अतुल सिंह, नंदलाल और दीपक रजक उपस्थित थे । कार्यक्रम में रोटरी क्लब, प्रयास इंडिया, आइ एस एम आईआई टी, आदि के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# देशवासियों के दिल से उतर चुकी हैं बीजेपी : सुमन मल्लिक

पटना,(नवशक्ति): कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार मल्लिक ने कहा की देश में हो रहें लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कांग्रेस के साथ ही 'इंडिया गठबंधन' के सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हैं। श्री मल्लिक ने खुशी जताते हुए कहा की लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिस तरह से सभी लोग लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए, ये अत्यंत ही सराहनीय हैं। दूसरी ओर, श्री मल्लिक ने लोकसभा चुनाव में भाजपा व एनडीए गठबंधन का खाता नहीं खुलने का दावा करते हुए कहा कि देश के मतदाता इस बार 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशियों को ही मौका देंगे। उन्होंने कहा की यह चुनाव का परिणाम देश की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा की देशवासी देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी जैसे अनेकों मुद्दे से बेहद त्रस्त हैं और वे अब इस चुनाव में



बदलाव चाहती हैं।

श्री मल्लिक ने कहा की समस्त देशवासी को अच्छे तरह से मालूम है कि केंद्र में किसकी सरकार बनानी हैं। उन्होंने कहा की जनता यह जानती है की सिर्फ 'कांग्रेस' और 'इंडिया गठबंधन' के सरकार में ही देश का चहुँमुखी विकास हो सकता हैं। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के परिणाम उम्मीद से भी ज्यादा अप्रत्याशित होंगे। श्री मल्लिक ने कहा की 04 जून को चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस बीजेपी को क्लीन स्वीप करेगा और देश में 'इंडिया गठबंधन' के नेतृत्व में सरकार का गठन होगा।

# देश में जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने को संकल्पित: राजीव प्रताप रुडी

छपरा (नवशक्ति)

सारण लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकताओं के साथ आज स्थानीय सांसद सह भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने बैठक की। बैठक के बाद सदर प्रखंड के 12 गांवों मे भाजपा प्रत्याशी का चुनावी दौरा भी हुआ। उन्होंने अपने चुनावी अभियान के तहत छपरा सदर प्रखंड के मरहियां, इटहियां, बंगड़ा, कोरेयां, बतानी, लोहड़ा, लोहड़ी बसाढ़ी, मेहिया, नेवाजी टोला और माला गाँव में जनसंपर्क और जनसंवाद किया। इस दौरान सांसद के साथ पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी समेत राजग के कई कार्यकर्ता थे। भ्रमण के दौरान कई जगहों पर लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ गरखा के पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी और भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), हम और रालोम के कार्यकर्ता थे ।जनसंपर्क अभियान के पूर्व रुडी ने मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के राजग कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), हम और रालोम के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस संदर्भ में रुडी ने कहा कि हर कार्यकर्ता साथी हर बूथ पर कमल खिलाकर सारण लोकसभा क्षेत्र में लगातार तीसरी बार बड़ी जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रण ले



चुके है ।इसके पूर्व सुबह मे भी भाजपा प्रत्याशी रुडी ने लोकसभा चुनाव को लेकर सारण लोकसभा क्षेत्र के सोनपुर और अमनौर विधानसभा क्षेत्र के एनडीए कार्यकताओं साथ बैठक की। भाजपा प्रत्याशी रुडी अमनौर स्थित आवास पर आयोजित बैठक में भाजपा, जदयू, लोजपा (आर), रालोम और हम के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में एनडीए की एकजुटता और चुनाव प्रचार के मुद्दे पर चर्चा हुई और कई अहम निर्णय लिए गये ।एनडीए की बैठक में सारण लोकसभा क्षेत्र की सभी 6 सीटें जीतने का संकल्प दुहराया गया। एनडीए के सभी सहयोगी दलों के कार्यकताओं ने चुनाव में पूरी ताकत झोंकने की बात कही। रुडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव एनडीए के सभी घटक दाल पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने को संकल्पित है। जनता के आशीर्वाद से पिछली बार की तरह इस बार भी लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में राजग की बड़ी जीत होगी। रुडी ने कहा कि सारणवासी भी फिर एक बार मोदी सरकार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर चुके है।

# दो दिवसीय पटना घुटना और हिप कॉन्क्लेव 20 और 21 को

## ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध प्रो. रॉस क्रॉफर्ड एवं करीब 400 विशेषज्ञ होंगे शामिल

पटना (नवशक्ति)

बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन , मेडिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑथोर्पेडिक साइंसेज, इंडियन आर्थ्रोप्लास्टी सोसाइटी, इंडियन आर्थ्रोस्कोपी सोसाइटी के सहयोग से, बहुप्रतीक्षित पटना घुटना और हिप कॉन्क्लेव की घोषणा की गई । यह 20 और 21 अप्रैल 2024 को चाणक्य होटल एवं होटल मौर्य में होगा। मेडिवर्सल के आथोर्पेडिक निदेशक डा निशिकांत कुमार ने बताया कि यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों के प्रतिष्ठित आथोर्पेडिक विशेषज्ञों की एक विविध श्रृंखला को एक साथ लाने के लिए तैयार है, जो इसे घुटने और कूल्हे की सर्जरी में नवीनतम प्रगति पर चर्चा के आदान-प्रदान के लिए एक सर्वोपरि मंच बनेगा ।कॉन्क्लेव की शोभा बढ़ाने वाले दिग्गजों में ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध प्रो. रॉस क्रॉफर्ड भी शामिल हैं, जिनके ऑथोर्पेडिक विज्ञान में अमूल्य योगदान ने वैश्विक पहचान हासिल की है। एक प्रमुख संकाय सदस्य के रूप में प्रोफेसर क्रॉफर्ड की उपस्थिति विशेषज्ञता की क्षमता को रेखांकित करती है जिसे इस कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जाएगा ।लगभग 400 प्रतिनिधियों की अपेक्षित उपस्थिति के साथ, पटना घुटना और हिप कॉन्क्लेव आथोर्पेडिक पेशेवरों के लिए अपने ज्ञान का विस्तार करने, साथियों के साथ नेटवर्क बनाने और घुटने और कूल्हे की सर्जरी में अत्याधुनिक तकनीकों और तकनीकों का पता लगाने का एक अद्वितीय अवसर होने का वादा करता है ।कॉन्क्लेव के एजेंडे को मुख्य भाषण, पैनल चर्चा और इंटरैक्टिव सत्रों को शामिल करने के लिए सोच-समझकर तैयार किया गया है, जो विशेषज्ञों को अपनी विशेषज्ञता साझा करने, सार्थक चर्चा में संलग्न होने और आथोर्पेडिक विशेषज्ञों की अगली



पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय संकाय, सम्मेलन के शैक्षणिक और वैज्ञानिक माहौल को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आथोर्पेडिक्स के क्षेत्र में व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता आयोजन की सफलता, प्रतिभागियों को प्रेरित करने और अमूल्य दृष्टिकोण प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है ।अपनी अकादमिक पेशकशों के अलावा, कॉन्क्लेव आथोर्पेडिक पेशेवरों के लिए और सहकर्मियों तक पहुंचने, आथोर्पेडिक समुदाय के भीतर सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देने का एक प्रमुख अवसर प्रस्तुत करता है। मेडिवर्सल इंस्टिटयूट ऑफ ऑथोर्पेडिक साइंसेज के बारे में:मेडिवर्सल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑथोर्पेडिक साइंसेज एक प्रमुख संस्थान है जो ऑथोर्पेडिक शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, संस्थान आथोर्पेडिक उत्कृष्टता के एक प्रतीक के रूप में कार्य करता है।

# इंडी एलायंस करता है नकारात्मक राजनीति , एनडीए सकारात्मक: बाबूलाल मरांडी

रांची (नवशक्ति)

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह आयोजित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके नेतृत्व में आए संजय मेहता, शिवशंकर राय,मनोज यादव, पिंटू यादव,रामदेव मेहता,दिनेश यादव, बैजू तिवारी,प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव,राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी,विजय कुमार, विजय कुमार,रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी,प्रियंका रानी,संजय मेहता,सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन की साख खत्म हो चुकी है ।यह एलायंस केवल



नकारात्मक राजनीति करता है। ये सनातन विरोधी और भ्रष्टाचारी लोगो की जमात है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने केलिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने से लेकर गांव ,गरीब ,किसान सभी की सेवा केलिए भाजपा संकल्पित है। मोदी सरकार ने गांव,गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। उन्होंने झारखंड की 14लोकसभा क्षेत्र में एन डी ए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने केलिए लग जाने का आहवान किया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा। कहा कि भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की ऐतिहासिक प्रगति हुई है ।भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केलिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए है ।मोदी सरकार ने एक तरफ इज्जत घर बनाए,बहनों को गैस सिलेंडर देकर धुएं से मुक्ति दिलाई ।वही राजनीतिक सशक्तिकरण की भी पहल की। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस अवसर पर ऑनलाइन सदस्यता प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने दिलाई ।संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम में निवर्तमान जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी भी उपस्थित थे।

## पहले फेज में बिहार की सभी चारों सीटों पर लहरायेगा एनडीए का परचम: भाजपा

**पटना, नवशक्ति।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि पहले चरण में 'ठगबंधन'का सूपड़ा साफ होना तय है ।श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पहले चरण में बिहार की सभी चार सीटों पर एनडीए की बड़ी जीत तय है। एनडीए उम्मीदवारों की जीत इतने बड़े अंतर से होगी कि अपनी करारी हार की हताशा से महागठबंधन के प्रत्याशी कभी उबर नहीं पाएंगे। श्री मिश्र ने कहा कि पहले चरण में 21 राज्यों में 102 सीटों पर हुए चुनाव के बाद एनडीए की जीत की मजबूत नींव पड़ गयी है। अगले छह चरणों के चुनाव में एनडीए की जीत की भव्य इमारत बन जायेगी। श्री मिश्र ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही एनडीए की बड़ी जीत की झलक दिखने लगी है। यह तय है इस बार एनडीए 400 से अधिक सीटों पर जीत का परचम लहरायेगा। श्री मिश्र ने कहा कि गया (सु) सीट पर श्री मांझी के समर्थन की आंधी दिखी।

# भाजपा ने बोकारो एस पी को हटाने की मांग की



बोकारो (संवाददाता)

बोकारो एस पी पूज्य प्रकाश सिंह का घर धनबाद मे ही है और उनकी पोस्टिंग भी धनबाद लोक सभा मे हुई है। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुँच कर बोकारो एस पी को चुनाव कार्य से मुक्त करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल मे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव और न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा, प्रदेश कार्यसमिति डॉ राज श्री जयंती शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की बोकारो पुलिस अधीक्षक का घर धनबाद मे ही है और बोकारो भी धनबाद लोक सभा मे पड़ता है। चुनाव आयोग के गाइड लाइन के अनुसार कोई पदाधिकारी का तबादला उसके गृह जिला से उसी लोक सभा क्षेत्र नहीं होना चाहिए, यानी धनबाद का रहने वाला पदाधिकारी का तबादला धनबाद लोक सभा मे नहीं होगा,साथ ही उनका तबादला गृह जिला मे नहीं होगा। सरकार ने बोकारो एस पी का पोस्टिंग गृह जिला( धनबाद) मे नहीं किया लेकिन धनबाद के बगल जिला बोकारो( धनबाद लोक सभा) क्षेत्र मे कर दिया।

# रांची में होने वाले महारैली में इंडी गठबंधन को झारखंड की जनता पर भरोसा नहीं, मैदान भरने के लिए पड़ोसी राज्यों से जनता को बुलाएगी

रांची (नवशक्ति)

भाजपा प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि इंडि गठबंधन के लोग काफी बौखलाहट में है।

देश की जनता जानते है कि इंडिया गठबंधन के लोग सनातन विरोधी है। ये लोग समय समय पर सनातन विरोधी बात बोलकर देश के सनातन समाज की भावना को आहत को ठेस पहुँचाते एवं चिढ़ाते रहते है।

कहा कि देश में सनातन विरोधी शक्तियां सक्रिय है। तो दूसरी ओर देश मे सनातन प्रेमी एक बड़ी तादाद में लोग है जो चाहते है कि देश मे सनातन का मान, सम्मान एवं स्वाभिमान कैसे बढ़े और राष्ट्र कैसे मजबूत बनें। देश कैसे विकास के रास्ते पर आगे बढ़े।

कहा कि 500 वर्षों के बाद प्रभु श्री रामलला एक झोपड़ी में विराजमान थे। राम मंदिर निर्माण की उम्मीदों ने 500 वर्षो में कितनी पीढियां खप गए। इतने वर्षों के संघर्षों के बाद एक गरीब माँ का बेटा, चाय वाला का बेटा भारत माँ का बेटा नरेंद्र मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बना और रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

कहा कि देश-दुनिया के सनातनी समाज के लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने लाखो की संख्या में प्रतिदिन जा रहे है लेकिन इंडि गठबंधन के लोगो को आमंत्रण देने के बाद भी अयोध्या रामलला का भव्य मंदिर दर्शन करने नही जा रहे है।

कहा कि इंडि गठबंधन के लोग राम मन्दिर नही जा सकते तो उनको सनातन के बारे में बोलने का कोई अधिकार नही है।

कहा कि सनातन धर्मावलंबियों ने इंडि गठबंधन के लोगो को पहले भी औकात बता चुकी है।

कहा कि तुष्टिकरण करने वाले लोग



बार-बार सनातन समाज और सनातन धर्म को गाली देकर तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। लेकिन लोकसभा चुनाव में सनातन समाज इन लोगो को फिर इनकी औकात बताने का काम करेगी।

कहा कि राँची में होने वाली इंडि गठबंधन की महारैली में मैदान भरने की इनकी औकात नही है तो बगल के राज्यों बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार सहित कई राज्यो से लोगो को बुलाकर मैदान भरने का प्रयास किया जा रहा है।

कहा कि महारैली में इनलोगो को झारखंड के लोगो पर भरोसा नही है, वे जानते है कि इस महारैली में जनभागीदारी बिल्कुल भी नगण्य रहेगी। कहा कि झारखंड के लोगो को झूठ, लूट और फरेबी सरकार ने सिर्फ ठगने का काम किया है। यह सिर्फ एक घोषणावीर सरकार के रुप मे कार्य की है। 5 लाख युवाओ को नौकरी, बेरोजगार युवाओं को भत्ता, किसानों का श्रण माफी,100 यूनिट बिजली मुफ्त, पेट्रोल में 25 रुपया सब्सिडी देने का वादा ढकोसला साबित हुआ है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थे।